## एक नजर में




### महाविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर किया जागरुक

**इछावर.** कैंसर की रोकथाम और जागरुता पर प्राचार्या डॉ.सुनीता यादव की अध्यक्षता में महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें संयोजक डॉ. कलावती एवं सुश्री नीता माहौर ने कैंसर के प्रति जागरुक रहकर रोकथाम बचाव पर चर्चा की. डॉ. सुनीता यादव एवं शिक्षक विनीत शर्मा ने कहा कि कैंसर के प्रति सजग रहकर प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान के साथ प्राथमिक उपचार कराएं. इस दौरान डॉ.अरविंद बैस एवं स्टाफ उपस्थित थे.




### वार्षिक उत्सव पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**आष्टा.** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, बीआरसी अजब सिंह राजपूत, रवि शर्मा, केएल परमार, एसएल परमार, भीमसिंह ठाकुर, अभिषेक परमार, शैलेन्द्र ठाकुर, विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक आदि शामिल हुए .अतिथियों द्वारा अर्द्धवार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. प्री साइंस मॉडल में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का विधायक ने शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया.



### छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में दिए कॅरियर टिप्स

**सीहोर.** पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करियर काउंसलिंग करियर मेला का आयोजन किया गया. जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जयप्रकाश परमार एवं नरेंद्र वर्मा उपस्थित थे. डॉ. परमार ने चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न केरियर प्रोग्राम्स के बारे में जानकारी दी और छात्राओं से एक लक्ष्य स्थापित करने का आग्रह किया. विषय का बार-बार रिवीजन करने को महत्वपूर्ण बताया. नरेंद्र वर्मा ने पीएससी, बैंक पुलिस आदि की तैयारी करने के टिप्स छात्रों को बताएं. इस अवसर पर प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में कक्षा 9 से 12 वीं तक की छात्राएं उपस्थित थीं.



### स्वास्थ्य शिविर में किया ग्रामीणों का परीक्षण

**सीहोर.** वीआईटी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर के तीसरे दिन प्रभात फेरी के पश्चात स्वयंसेवकों ने योगा अभ्यास किया. ग्राम बोरखेड़ा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें नेत्ररोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्स तथा सामान्य चिकित्सों ने ग्रामीणों की जांच हुई और उनको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया. चिकित्सा शिविर के साथ क्लॉथ डोनेशन का भी आयोजन किया. इसके अलावा खेलकूद गतिविधियों में पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि, दीप्ति भोजवानी आदि उपस्थित थे.



### ओवरब्रिज पर अवैध स्टॉप से बढ़ा हादसों का खतरा

**बुधनी.** नगर के रेलवे ओवरब्रिज पर बसों और ऑटो चालकों द्वारा गलत तरीके से वाहन खड़े करने की लापरवाही गंभीर दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है. विशेषकर ओवरब्रिज के बीच सड़क एवं संकरे स्थानों पर सवारी बैठाने व उतारने के लिए बसों व ऑटो का रुकना न केवल यातायात जाम की स्थिति पैदा कर रहा है, बल्कि तेज गति से आने वाले वाहनों के लिए बड़ा खतरा बन गया है. नागरिकों का कहना है कि बुधनी से नर्मदापुरम एवं रेहटी जाने वाला यह एकमात्र प्रमुख सड़क मार्ग है. रेलवे ओवरब्रिज तिराहे पर ऑटो और बसें अव्यवस्थित ढंग से खड़ी हो जाती हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है. परिणामस्वरूप पीछे से आने वाले वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती और आए दिन जाम के हालात निर्मित होते हैं. तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही, गलत साइड से ड्राइविंग तथा अचानक ब्रेक लगाने की मजबूरी के कारण यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. इस मार्ग पर पूर्व में कई बार हादसे हो चुके हैं, इसके बावजूद स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो रहा है. नागरिकों ने ओवरब्रिज के ऊपर रोटरी निर्माण की आवश्यकता भी जताते हुए प्रशासन एवं पुलिस से मांग की है कि नियमित यातायात निगरानी की जाए, अव्यवस्थित खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

# स्मार्ट मीटर से कंपनी मालामाल, जनता बेहाल

## स्मार्ट मीटर बिजली चोरी को पकड़कर विद्युत कंपनी के सर्वर पर भेज रहे, अब हो रही मीटर की जांच

- अब तक 16675 में से लग सके 11568 स्मार्ट मीटर
- एक माह में मिली 253 मीटर से बिजली चोरी की जानकारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 फरवरी. शहर में विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटर अब कम्पनी के लिए कमाऊपूत साबित हो रहे हैं. अत्याधुनिक तकनीक से लैस इन मीटरों ने जहां बिजली चोरी पर सीधा प्रहार किया है, वहीं कम्पनी के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है. कंपनी द्वारा बीते एक साल में 1779 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा था जिनसे 94 लाख 31 हजार रुपए की रिकवरी की गई थी.**

पारंपरिक मीटरों के दौर में जहां छेड़छाड़, स्लो मीटर और अवैध कनेक्शन आम बात थे, वहीं स्मार्ट मीटर ने इन सभी रास्तों को लगभग बंद कर दिया है. रीयल-टाइम डेटा ट्रांसमिशन की सुविधा के कारण अब हर यूनिट की सटीक खपत सीधे कम्पनी के सर्वर तक पहुंच रही है, जिससे गड़बड़ी की गुंजाइश खत्म होती जा रही है. गौरतलब है कि नगर में



विद्युत वितरण कंपनी ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की थी जिसके बाद सीहोर नगर के जोन वन में 16675 उपभोक्ताओं में से 11568 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं. स्मार्ट मीटर लग जाने के दौरान नगर में स्मार्ट मीटर का लगातार विरोध हुआ था. अनेक उपभोक्ताओं का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद ज्यादा बिल आ रहा है, लेकिन अब स्मार्ट मीटर का लाभ विद्युत वितरण कंपनी को मिलना शुरू हो गया है. क्योंकि स्मार्ट मीटर बिजली चोरी को खुद पकड़कर इसकी सूचना सीधे विद्युत वितरण कंपनी के कंप्यूटर सर्वर पर भेज रहे हैं. एक माह के दौरान 253 सूचना बिजली विभाग को मिली है, जिसमें इन उपभोक्ताओं के द्वारा बिजली चोरी किए जाने की जानकारी विद्युत वितरण कंपनी को मिली है.

### वास्तविक खपत का दे रहे बिल

न्यूटल डिस्टरबेंस की सूचना मिलने के बाद हमारे द्वारा संबंधित उपभोक्ता के घर अथवा दुकान पर लगे मीटर की जांच की जा रही है. कमी पाए जाने पर जुर्माना राशि वसूली जा रही है. शीघ्र ही शहर के सभी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे.

**अतुलेश सिंह,**
सहायक यंत्री

### विद्युत कंपनी ने एक साल में पकड़े 1779 बिजली चोर

जानकारी के अनुसार जोन ने 1 साल में 1779 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा था जिनसे 94 लाख 31 हजार रुपए की रिकवरी भी की गई थी. विद्युत वितरण कंपनी ने नगरीय क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगा लिए हैं जिसके बाद बिलिंग भी अब स्मार्ट मीटर ही कर रहे हैं. ऐसे में उपभोक्ताओं की खैर नहीं है जो स्मार्ट मीटर के छेड़छाड़ कर बिजली चोरी की घटनाओं का अंजाम दे रहे थे और विद्युत वितरण कंपनी को चूना लगा रहे थे. इससे विद्युत वितरण कंपनी को राजस्व की हानि हो रही थी. स्मार्ट मीटर ने बिजली चोरी पकड़ना शुरू कर दिया है और न्यूट्रल डिस्टरबेंस की सूचना विद्युत वितरण कंपनी के पास स्मार्ट मीटर भेज रहे हैं. एक माह के दौरान ऐसे 253 मामले विद्युत वितरण कंपनी के संज्ञान में आए हैं. बताया गया है कि इस मामले में अब विद्युत वितरण कंपनी कार्रवाई कर रही है. उपभोक्ताओं के यहां पहुंचकर जांच की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर मीटर की जांच भी कर रही है.

### बिजली चोरी पर डिजिटल पहरा होने से कंपनी को लाभ

स्मार्ट मीटरों में लगी ऑटो अलर्ट प्रणाली जैसे ही मीटर से छेड़छाड़ या असामान्य लोड का संकेत मिलता है, तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना मिल जाती है। इससे न सिर्फ बिजली चोरी पकड़ में आ रही है, बल्कि मौके पर त्वरित कार्रवाई भी संभव हो पा रही है. विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद सीहोर शहर में लाइन लॉस और चोरी में भारी कमी आई है, जिसका सीधा फायदा कम्पनी के राजस्व को मिला है. पहले जो बिजली बिना बिल के खप जाती थी, अब वह यूनिट-दर-यूनिट बिल होकर कम्पनी की आमदनी बढ़ा रही है. स्मार्ट मीटरों के जरिए उपभोक्ताओं को भी फायदा हो रहा है। उन्हें सटीक बिल, खपत की पूरी जानकारी और भविष्य में प्री-पेड जैसी सुविधाओं का विकल्प मिलने वाला है. हालांकि कुछ उपभोक्ताओं में बढ़े हुए बिल को लेकर असंतोष भी देखा गया, लेकिन कम्पनी का दावा है कि यह वास्तविक खपत का प्रतिबिंब है, न कि अतिरिक्त वसूली .कम्पनी अब शेष इलाकों में भी स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी में है.

## नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार



**भैरुंदा.** पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी को गिर तार कर न्यायालय में पेश किया. जहां से उसे जेल भेजा गया. वहीं बालिका को बरामद कर परिजनों के सुर्पुद किया गया. जानकारी के अनुसार 9 जनवरी को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षीय छोटी बहन रात्रि में बिना बताए कहीं चली गई है. उसे आसपास तलाश गया लेकिन वह नहीं मिली. उसकी बहन को काई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई. जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी पूर्व में भी अपहृता को बहला फुसलाकर ले गया था. पुलिस ने बुधवार को अपहरर्ता को आरोपी 21 वर्षीय हल्लू अहिरवार पिता दुर्जन अहिरवार निवासी ग्राम सियरमऊ थाना सिलवानी जिला रायसेन के कब्जे से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई.

## दुष्कर्मी इलेक्ट्रिक इंजीनियर को कारावास

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 फरवरी.** आष्टा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले इलेक्ट्रिक इंजीनियर को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आजीवन कारावास और 10 हजार 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नारायण सिंह मेवाड़ा ने की.

अभियोजन के अनुसार कोठरी स्थित निजी शिक्षण संस्थान में कार्य करने वाली एक युवती ने 10 मई 2024 को आष्टा थाने पर पहुंचकर शिक्षण संस्थान में ही पदस्थ रहे इलेक्ट्रिक इंजीनियर संदीप सेन निवासी सतना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे शादी का झांसा दिया और पीड़िता को अपने घर बुलाकर उसके साथ ज्यादती की. जनवरी 2023 से मई 2024 तक



आरोपी उसके साथ कई बार ज्यादती करता रहा. बाद में जब आरोपी संदीप सेन ने शिक्षण संस्थान से जॉब छोड़ दी तो उसने पीड़िता से मिलना भी बंद कर दिया. पीड़िता की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ज्यादती सहित अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया. जहां तथ्यों एवं साक्ष्यों की सूक्ष्म विवेचना करते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आरोपी संदीप को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई.

## भाजपा के युवा संवाद में हुई केन्द्रीय बजट पर चर्चा

- युवा संवाद में युमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर रहे उपस्थित
- केन्द्रीय बजट को टेलर ने जन हितैषी व ऐतिहासिक बताया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 फरवरी.** भाजयुमो द्वारा केंद्रीय बजट पर आधारित युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के प्रावधानों को युवाओं तक सरल, स्पष्ट एवं प्रभावी रूप में पहुंचाना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना रहा.

युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि केंद्रीय बजट युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्टार्टअप प्रोत्साहन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट है. यह बजट युवाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने वाला है. कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संपूर्ण आयोजन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार द्वारा किया गया. उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा का निरंतर प्रयास है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और नीतियां युवाओं तक पहुंचें और वह उनका अधिकतम लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें.

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश के प्रत्येक वर्ग विशेषकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है. युवाओं को संगठन के साथ जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए.

इसी प्रकार नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि यह बजट शहरों



के विकास, बुनियादी सुविधाओं और युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा. सन्नी महाजन ने युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं के साथ समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान किया. मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भी युवाओं को संगठनात्मक मजबूती और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया. युवा संवाद के दौरान युवाओं के साथ रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप एवं आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर चर्चा हुई. युवाओं ने प्रश्न पूछे, जिनका समाधान अतिथियों द्वारा किया गया.

## संस्कृति व परंपरा को जीवित रखते हैं आनंद उत्सव

- आनंद उत्सव के तहत हुईं कई खेल प्रतियोगिताएं
- कलेक्टर और सीईओ ने भी खेला टेबिल टेनिस

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 फरवरी.** शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में जिला स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई. जिनमें अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, बच्चों, युवाओं एवं नागरिकों ने भाग लिया. कलेक्टर बालागुरू के तथा सीईओ ने टेबल टेनिस और चम्मच दौड़ में भाग लिया व सभी खेल गतिविधियों



का अवलोकन किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया. आनंद उत्सव के अंतर्गत सितोलिया, गोलाफेंक, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल और शतरंज जैसे खेलों का आयोजन किया गया. इन खेलों में प्रतिभागियों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि सामूहिकता और खेल भावना का उदाहरण भी प्रस्तुत किया.कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि आनंद उत्सव जैसे कार्यक्रमों से सामूहिकता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है तथा बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक भी भाग लेते हैं, जिससे एकता की भावना भी विकसित होती है. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि आपसी सामंजस्य और खेल भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं.

आनंद उत्सव में कार्यक्रम स्थल पर स्वसहायता समूह की दीदियों ने परंपरागत स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जो उत्सव का विशेष आकर्षण थे. इन स्टॉल्स पर स्थानीय व्यंजनों की खुशबू और स्वाद ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया. सभी ने स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए परंपरागत स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया.

## गौ माता की दुर्दशा से जनमानस आक्रोशित

नवभारत न्यूज

**बुधनी 4 फरवरी.** नगर में गौमाता की दुर्दशा थमने का नाम नहीं ले रही है. शहर की गलियों और सड़कों पर बड़ी सं या में गौवंश भूखी-प्यासी हालत में भटकता नजर आ रहा है. कई बार सड़क मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में गौवंश गंभीर रूप से घायल हो रहा है, वहीं कई मामलों में उनकी मौत तक हो रही है.

चिंताजनक पहलू यह है कि नगर में गौशाला उपलब्ध होने के बावजूद गौ माता सड़कों पर घूमने को मजबूर हैं. बुधवार को सामने आई एक तस्वीर ने जनमानस को झकझोर कर रख दिया. नगर के वार्ड 5 स्थित गडरिया नाले के पास दो गाय तड़पती हुई पाई गई. जिनमें से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गाय की हालत गंभीर बताई गई.

घटना की जानकारी मिलते ही विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सालय को सूचना दी. मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक द्वारा घायल गाय का उपचार किया गया. वहीं बजरंग दल कार्यकर्ता राहुल ठाकुर एवं उनके साथियों ने गौमाता की दुर्दशा को लेकर प्रशासन से ठोस कदम उठाए जाने की मांग की.

गौरतलब है कि पूर्व में भी गडरिया नाले पर बने नेशनल हाईवे के पुल से गिरने से कई गायों की मौत हो चुकी है, जिसको लेकर आसपास के रहवासियों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की थी, लेकिन अब तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है.

**निरीक्षण** ▶ आईजी, डीआईजी और कलेक्टर व एसपी ने किया कुबेरेश्वर धाम का निरीक्षण

## लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देख करें सभी इंतजाम : आईजी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 फरवरी.** कुबेरेश्वर धाम आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक संजय तिवारी, कलेक्टर बालागुरू के., उप पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कथा स्थल की सभी व्यवस्थाओं को देखा और पं. प्रदीप मिश्रा, संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए.

उन्होंने ने कहा कि कथा में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को ध्यान में रखते हुए आयोजन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण की जाएं. ताकि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो. जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जि मेदारी सौंपी गई है, वे अपने दायित्वों को पूरी गंभीरता के साथ समझें और मौके पर उपस्थित रहकर कार्य करें. समिति के सभी सदस्य अपने-अपने कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों को भली-भांति समझें तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें.

यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि कथा के दौरान किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो. इसके लिए पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन किया जाए तथा श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग जोन निर्धारित किए जाएं. ऑटो स्टैंड की समुचित व्यवस्था, स्टैंड तक पहुंचने के लिए उचित ढलान निर्माण तथा वाहनों की आवाजाही के लिए सुव्यवस्थित मार्ग बनाए जाएं. हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू किया जाए. मार्ग पर पर्याप्त संख्या में संकेतक, फ्लेक्स एवं सूचना बोर्ड लगाने के अलावा अनाउंसमेंट सिस्टम को सक्रिय रखने के निर्देश दिए, जिससे यातायात एवं



आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जा सकें. फायर सेफ्टी को लेकर फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे.

पेयजल, स्वच्छता एवं बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए. प्याऊ, टोंटीयुक्त नल कनेक्शन एवं जल टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.

## भगवान कृष्ण को आज लगेगा छप्पन भोग

**सीहोर.** शहर के वृन्दावन कालोनी में श्री सांवरिया सेवा समिति और क्षेत्रवासियों के तत्वाधान जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया. कथा वाचक पं. रविन्द्राचार्य ने भगवान श्रीराम जन्म के अलावा भगवान श्री कृष्ण और वामन अवतार के बारे में वर्णन किया. भगवान विष्णु के राम अवतार कृष्ण अवतार व वामन अवतार की लीला के बारे में श्रद्धालुओं को बताया कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पाप बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है. समिति अध्यक्ष उषा राज शर्मा ने बताया कि गुरुवार भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा.